उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भांति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 29.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय व क्षेत्राधिकारी कार्यालय सुश्री हर्षिता गंगवार मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।






## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने अवैध राइफल मय जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शस्त्र निर्माण व अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 29.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्री सनय कुमार द्वारा तलाश वांछित/वारण्टी चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान 01 नफर अभियुक्त मुन्ना उर्फ निजामुद्दीन पुत्र फरीद बेग उम्र 20 वर्ष निवासी मु0 बिच्छूपहाड़िया काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर महोबा के कब्जे से 01 अदद देशी रायफल 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर व 01 अदद कारतूस मिस 315 बोर बरामद करते हुये करिया पठवा पहाड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 539/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

मुन्ना उर्फ निजामुद्दीन पुत्र फरीद बेग उम्र 20 वर्ष निवासी मु0 बिच्छूपहाड़िया काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर महोबा

### बरामदगी–

01 अदद देशी राइफल 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर व 01 अदद कारतूस मिस 315 बोर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1.उ0नि0 सनय कुमार 2. उ0नि0 यज्ञनारायण भार्गव
3. का0 नितेश कुमार 4. का0 प्रमोद कुमार थाना कोतवाली नगर महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्तरुप से थाना कोतवाली महोबा क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस बल के साथ जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक 29.11.2022 को जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्तरुप से थाना कोतवाली महोबा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद में कानून एंव शाति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 1086 वाहनो के ई-चालान किये गये ।





महोबा पुलिस